केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)


**केमाशिबो/शैक्ष./संस(स्वगु)/2024** **दिनांक : 20.03.2024**

**परिपत्र संख्या - शैक्ष.-26/2024**

केमाशिबो से संबद्ध सभी संस्थानों के प्रमुख

**विषय: पीयर एजुकेटर्स लीडरशिप इन एडोलसेंट लाइफ स्किल्स, हेल्थ एंड वेलबीइंग - प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवें चरण के लिए पंजीकरण के सम्बन्ध में।**

प्रिय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या

**पृष्ठभूमि**

बोर्ड ने 10 सितंबर 2021 के परिपत्र संख्या शैक्ष.-80/2021 के माध्यम से एक्सप्रेशन इंडिया के सहयोग से अपने विद्यार्थियों के जीवन कौशल, समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को समृद्ध करने के लिए पीयर एजुकेटर्स लीडरशिप कार्यक्रम शुरू करने और सहयोग करने की घोषणा की थी। बोर्ड ने 23 नवंबर 2021 को इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया था।

**कार्यक्रम का उद्देश्य**

- विद्यार्थियों को व्यवहार परिवर्तन और अनुकूलन के लिए एक सहभागी वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार और सक्षम बनाना।
- देश भर में बच्चों और किशोरों के मनोसामाजिक कल्याण और जीवन कौशल विकास के लिए समावेशी वातावरण को मजबूत करना।

***इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 111 बैच पूरे हो चुके हैं जिनमें 2410 विद्यालयों के 9640 विद्यार्थियों और 4820 शिक्षक मेंटर्स को प्रशिक्षित किया गया है।***

**प्रशिक्षण कार्यक्रमों का पाँचवाँ चरण**

बोर्ड वर्ष 2024 के मई माह में कार्यक्रम प्रशिक्षण का पांचवां चरण शुरू करेगा । यदि विद्यालय दसवीं तक संबद्ध हैं, तो विद्यालय कक्षा नौवीं से चार विद्यार्थियों को पंजीकृत कर सकते हैं। विद्यालयों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखितानुसार अपना नामांकन भेजें-

- **व्यापक उन्मुखीकरण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चार वरिष्ठ विद्यार्थियों (पीयर एजुकेटर) का नामांकन - कक्षा IX और XI से दो-दो।**
- **इसके अतिरिक्त, 4 पीयर एजुकेटर्स का सहयोग करने के लिए एक शिक्षक और विद्यालय काउंसलर/वेलनेस**

**शिक्षक को नामांकित करें।**

सहभागी पीयर एजुकेटर्स को नामांकित करते समय टीम, कृपया सुनिश्चित करें कि टीम के सभी सदस्यों के पास निम्नलिखित हैं:

1. टीम वर्क के लिए उत्साह और प्रतिबद्धता.
2. साथियों के लिए अच्छा संचार कौशल और सहानुभूति।
3. दूसरों के लिए उचित व्यवहार का मॉडल तैयार करने और नेतृत्व करने की क्षमता।
4. ज्ञान के प्रति उत्साह और स्वास्थ्य एवं कल्याण संबंधी मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता।

**कैसे पंजीकृत करें**

- भाग लेने वाले विद्यालय लिंक पर उपलब्ध ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भर सकते हैं https://forms.gle/X6e7aVvLrydcfsNQ7
- जीवन कौशल, समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय द्वारा की जा रही ऑनलाइन गतिविधियों का एक संक्षिप्त नोट (400 शब्द) भी पंजीकरण फॉर्म के साथ जमा किया जाना चाहिए।
- ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2024 है। केवल ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म ही स्वीकार्य होंगे।

**प्रति कार्यक्रम विद्यालयों की संख्या**

- प्रति प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 50 विद्यालयों को नामांकित किया जाएगा। इन प्रशिक्षणों का कार्यक्रम संबंधित विद्यालयों को सूचित किया जाएगा। भाग लेने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को भागीदारी प्रमाणपत्र (ई-प्रमाणपत्र) प्रदान किया जाएगा।

विद्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि वे विद्यालयों में जीवन कौशल शिक्षा प्रतिमान का सतत वातावरण बनाने के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों और परामर्शदाताओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करें।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया peerlifeskills@gmail.com पर ईमेल करें।

**शुभकामनाओं सहित**

**(डॉ. जोसफ इमानुवल)**

**निदेशक (शैक्षणिक)**

**निम्नानुसार संबंधित निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में सूचना प्रसारित करने के अनुरोध के साथ प्रतिलिपि:**

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल एरिया, नोएडा।
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), एमओटीए, भारत सरकार।
4. सचिव, सैनिक विद्यालय सोसायटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001।
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक विद्यालय नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005।
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. सार्वजनिक निर्देश निदेशक (विद्यालय), यूटी सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़- 160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम -737101
9. विद्यालय शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर -791 111
10. शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर – 744101
11. विद्यालय शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नंबर 101-102, ग्राउंड फ्लोर, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल – लद्दाख
12. विद्यालय शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेय टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश - 521 456
13. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, ईएसएसईएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर -3, रोहिणी, दिल्ली
14. सेना शिक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
15. सचिव एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नंबर 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
16. अध्यक्ष, केमाशिबो के उपसचिव
17. सचिव/परीक्षा नियंत्रक/सभी निदेशक, केमाशिबो
18. केमाशिबो के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड के सभी संबद्ध विद्यालयों के प्रमुखों को यह परिपत्र भेजें।
19. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/ प्रनिस/वनिस /अवर सचिव/सहायक सचिव, केमाशिबो
20. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, केमाशिबो
21. प्रभारी आईटी इकाई को इस परिपत्र को केमाशिबो शैक्षणिक वेबसाइट पर डालने के अनुरोध के साथ
22. प्रभारी, पुस्तकालय
23. रिकॉर्ड फ़ाइल

**निदेशक (शैक्षणिक)**